
नवभारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 सीमा ढांचा भारत की रणनीतिक ताकत


6 पाकिस्तान में आसिम मुनीर की तानाशाही


7 रुपये की चाल अब बाजार ही नियंत्रित करेगा



8 ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया

# नाइट क्लब में आग से 25 की मौत

04 पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं मरने वालों में | 100 लोग मौजूद थे आग लगने के समय गोवा क्लब में | 16 लोग हादसे में घायल हुए हैं जिनकी हालत स्थिर है

**पणजी, 7 दिसंबर. गोवा के अरपोरा इलाके में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार देर रात भयानक आग लग गई. हादसे में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है. हादसा किचन में गैस सिलेंडर फटने से हुआ, जिसके बाद धुआं इतनी तेजी से फैला कि लोग बाहर नहीं निकल पाए. मरने वालों में 4 पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं, बाकी शवों की शिनाख्त चल रही है. 16 लोग घायल हैं, उनकी हालत स्थिर है.**

जानकारी के अनुसार मृतकों में झारखंड के तीन युवक भी हैं. आग लगने के समय क्लब में करीब 100 लोग मौजूद थे. ज्यादातर मौतें दम घुटने से हुई हैं. क्लब मालिक सौरभ लूथरा और मैनेजर के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज हो गया है. स्थानीय लोगों ने बताया फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं हुआ था और संकरे रास्ते की वजह से दमकल को पहुंचने में देरी हुई. गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं और सभी क्लबों का सेफ्टी ऑडिट कराने की बात कही है. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे हृदय विदारक बताया और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है.










**राष्ट्रपति और पीएम ने किया दुख व्यक्त:** पीएम मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की. पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया और कहा कि यह हादसा बहुत ही दुःखद है. उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना और घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की.

## इंडिगो की छठे दिन 650 उड़ानें रद्द

- हैदराबाद में 115 और चेन्नई में 38 उड़ानें रद्द
- मुंबई और दिल्ली में क्रमशः 112 और 109 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर. इंडिगो का संकट छठे दिन भी जारी रहा और उसकी लगभग 650 उड़ानें रद्द कर दी गईं. कंपनी को 10 दिसंबर तक परिचालन स्थिर होने की उम्मीद है.**

फिलहाल 2,300 निर्धारित दैनिक सेवाओं में से 1,650 उड़ानें संचालित करने के दावों के बावजूद संकट बरकरार है. सबसे ज्यादा हैदराबाद हवाई अड्डा प्रभावित रहा, जहां से रविवार को 115 उड़ानें रद्द हुईं. इसके बाद मुंबई और दिल्ली में क्रमशः 112 और 109 उड़ानें रद्द हुईं. चेन्नई में 38 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि अमृतसर में 11 उड़ानें रद्द कर दी गईं. इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हालिया परिचालन गड़बड़ियों के बाद एयरलाइन अपने पूरे नेटवर्क में और महत्वपूर्ण तथा लगातार सुधार कर रही है. इसका पहला कदम शनिवार को उठाया गया था. रविवार को पहले की तुलना में कम उड़ानें रद्द हुई. ये उड़ानें पहले रद्द की गई हैं ताकि हम अपने ग्राहकों को समय पर सूचित कर सकें.




**इंडिगो ने यात्रियों को रिफंड किया 610 करोड़**

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने 650 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं. हालांकि, कंपनी आज के लिए तय 2300 डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में से 1650 फ्लाइट को ऑपरेट कर रही है. इसी बीच, रविवार को नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो के यात्रियों को अब तक कुल 610 करोड़ रुपए का रिफंड किया जा चुका है.

## अब नहीं होगी स्मृति मंधाना और पलाश की शादी

**इंदौर, 7 दिसंबर. भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और बॉलीवुड म्यूजिक कम्पोजर पलाश मुच्छल ने अपनी शादी टूटने की आधिकारिक पुष्टि कर दी है. दोनों ने एक ही समय पर सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से शादी टूटने की जानकारी दी है.**

दोनों की शादी 23 नवंबर को महाराष्ट्र के सांगली में होने वाली थी, मेहंदी से लेकर हल्दी की रस्में पूरी हो चुकी थीं लेकिन 23 नवंबर को ही शादी के स्थगित होने की खबर सामने आई थी. अब आखिरकार दोनों ने शादी टूट जाने की पुष्टि कर दी है. पहले स्मृति मंधाना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए लिखा कि वो अपने निजी मामलों को खुद तक सीमित रखना चाहती हैं. उन्होंने लिखा, पिछले कुछ हफ्तों में मेरे व्यक्तिगत जीवन को लेकर अलग-अलग तरह की बातें सामने आई हैं. मुझे लगता है कि इस पर मेरे द्वारा सब स्पष्ट कर देना उचित होगा.



## एक नजर में



### राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर हादसे में पांच की मौत

**जशपुर.** थाना दुलदुला क्षेत्र के ग्राम लोरो से पतराटोली के मध्य नेशनल हाइवे-43 पर पंडरी पानी मोड़ के पास बीती रात हुए भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां कार और ट्रेलर की टक्कर से पांच युवकों की मौत हो गई. घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है. हादसा शनिवार-रविवार रात हुआ. ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने बताया कि कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे सभी पांच घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया. हालांकि डॉक्टरों ने जांच उपरांत सभी को मृत घोषित कर दिया.

### 'अमर शहीद सैनिक मेला' को राजकीय मेले का दर्जा

**चमोली.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चमोली जिले में स्थित सवाड गांव में आयोजित 'अमर शहीद सैनिक मेला सवाड़' को राजकीय मेला घोषित किया। चमोली जिले में स्थित सवाड गांव में रविवार को भारतीय सेना के शौर्य की अद्भुत छटा दिखी। धामी सवाड गांव में आयोजित अमर शहीद सैनिक मेले के उद्घाटन अवसर और सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्वालदम-देवाल-वाण मोटर मार्ग को नंदा देवी राजजात के आयोजन के उपरांत सीमा सड़क संगठन को सौंपने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी.

### बेनिन में सेना ने राष्ट्रपति टैलोन को पद से हटाया

**कोटोनोऊ.** अफ्रीकी देश बेनिन में सेना ने कथित तौर पर तख्तापलट करते हुए सत्ता पर कंट्रोल कर दिया है. बेनिन में सैनिकों के एक ग्रुप ने बयान जारी करते हुए कहा कि वे मौजूदा सरकार को भंग कर रहे हैं. सैनिकों ने कहा कि प्रेसिडेंट पैट्रिस टैलोन, दूसरे नेताओं और तमाम सरकारी संस्थाओं की शक्तियां खत्म की जा रही हैं. मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन नाम के ग्रुप ने रविवार को अचानक देश के सरकारी टीवी पर आते हुए तख्तापलट का ऐलान किया. राष्ट्रपति की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन ने बताया है कि वह चीजों को अपने कंट्रोल में ले रहे हैं.

### पाक सेना की कार्रवाई में मारे गए 12 आतंकवादी

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में एक सुरक्षा अभियान के दौरान 12 आतंकवादी मारे गए. पाकिस्तानी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी. पाकिस्तान सेना ने आधिकारिक बयान में बताया कि सुरक्षा बलों ने प्रांत के कलात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया. बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकवादी इस इलाके में कई आतंकवादी हमलों में सक्रिय रूप से शामिल थे. घटनास्थल से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं. सेना ने बताया कि घटना के बाद आसपास के इलाके में आतंकवाद खत्म होने की पुष्टि करने के लिए एक क्लीयरेंस अभियान भी चलाया गया.



## ओरछा में निर्माण कार्य समय पर पूरे करें : मुख्य सचिव

- सीएस ने ओरछा में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**ओरछा, 7 दिसंबर. मुख्य सचिव अनुराग जैन रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर पर्यटन नगरी ओरछा पहुंचे. इस अवसर पर उन्होंने ओरछा के विभिन्न निर्माण कार्य स्थलों का निरीक्षण किया एवं सभी विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए.**

प्रवास के दौरान मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम रामराजा मंदिर पहुंचकर श्रीराम राजा सरकार के दर्शन किए. मंदिर दर्शन के उपरांत मुख्य सचिव ने जुझार सिंह महल एवं हरदौल वाटिका का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वेंडर जोन का निर्माण इस तरह से सुनिश्चित किया जाए कि पर्यटकों को आवागमन में सुविधा मिल सके. खजुराहो महोत्सव को ध्यान में रखते हुए बुंदेलखंड सांस्कृतिक महोत्सव करने का प्लान तैयार किया जाए. इसके बाद उन्होंने आर्कियोलॉजिकल पार्क पहुंचकर निर्देश दिए कि ओरछा का मास्टर प्लान तैयार करें. पीपीपी मोड पर चल रहे कार्यों में स्थानीय नागरिकों भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके.



**आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे पर पीएम ने किया पोस्ट**

नई दिल्ली, 07 दिसंबर. आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे पर पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया. इस पोस्ट में पीएम को सेना के अधिकारी झंडा लगाते दिख रहे हैं.



## गीता पाठ में शामिल हुए हजारों भक्त

**कोलकाता, 7 दिसंबर (वार्ता)** खुले मैदान ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को केसरिया चादर और सफेद वस्त्रों में सजे हजारों लोग गीता पाठ में शामिल हुए। यह आयोजन सनातन संस्कृति संसद (कई हिंदू संगठनों का छत्र संगठन) द्वारा आयोजित किया गया। पवित्र गीता पाठ की शुरुआत शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इस अवसर पर पद्म भूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री तथा कई अन्य गणमान्य संत-महात्मा उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज में की 0 .25 प्रतिशत की कमी

**नयी दिल्ली, 7 दिसंबर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज की अपनी मुख्य दर 0.25 प्रतिशत कम कर दी है। सार्वजनिक क्षेत्र का यह बैंकिंग प्रतिष्ठान रिजर्व बैंक की रेपो दर में इसी स्तर की कमी के बाद कर्ज सस्ता करने की घोषणा करने वाले पहले प्रमुख बैंकों में शामिल हो गया है।**

बैंक ऑफ बड़ौदा की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, यह आप की जानकारी के लिए है कि भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत रेपो दर कम करने के बाद देश के बड़े सार्वजनिक बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने 06 दिसंबर 2025 से अपने बड़ौदा रेपो-सम्बद्ध ऋण की ब्याज दर (बीआरएलएलआर) में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती की है। बैंक का बीआरएलएलआर अब 7.90 प्रतिशत है। बीआरएलएलआर में इस बदलाव के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा ने रिजर्व बैंक की नीतिगत दर में कटौती का पूरा फायदा अपने रेपो-सम्बद्ध ऋण पर ब्याज दर के जरिये उधार लेने वाले अपने ग्राहकों को दे दिया है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को अपनी रेपो दर को 5.50 प्रतिशत से घटा कर 5.25 कर दिया है.

## वाहन के कुचलने से चीते की मौत

### कूनो के जंगल से निकलकर हाईवे पर पहुंचे थे दो चीते

**ग्वालियर, 7 दिसंबर. प्रदेश में चीता प्रोजेक्ट को बड़ा झटका लगा है. आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर कूनो से भागे दो चीतों को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी. हादमें एक चीते की मौत हो गई है. वहीं, दूसरे की तलाश की जा रही है.**

चीतों के दुर्घटना की खबर रविवार सुबह 5-6 बजे की बताई जा रही है. हादसा एबी रोड के घाटीगांव सिमरिया मोड़ पर हुआ. हाईवे पर चीते की मौत की खबर मिलते ही घटनास्थल पर घाटीगांव थाना पुलिस और वन विभाग के अफसर पहुंचे. कूनो के अफसर भी स्पॉट पर पहुंचे. मिली जानकारी के अनुसार कूनो के जंगल से निकलकर दोनों चीते घाटीगांव जंगल पहुंचे थे. जैसे ही जंगल से निकले चीते हादसे का शिकार हुए कूनो के अफसरों को जानकारी हो गई. उन्होंने तत्काल एक्शन लिया. घटनास्थल पर भारी भीड़ होने के बाद भी अफसरों ने पुलिस तक को पास नहीं आने दिया. पूरी कार्रवाई वन विभाग के अफसरों ने की है.



**बड़ी सफलता** ▶ सीएम के सामने बालाघाट में 10 इनामी नक्सलियों ने किया समर्पण

## सतत् निगरानी से तेजी से घटा है नक्सली दायरा : सीएम

नवभारत न्यूज

**बालाघाट, 7 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नक्सलवाद के सफाए की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है. मुख्यमंत्री के समक्ष बालाघाट में रविवार को 1 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा. आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने हथियार मुख्यमंत्री को सौंपे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सरकार तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है. मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं.



> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद आशीष शर्मा की वीरता को नमन करते हुए कहा कि कर्तव्यपथ में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले 328 हॉक फोर्स सहित पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है. उन्होंने कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनकी पुनर्वास की चिंता सरकार की है. डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एंटी नक्सल अभियान को सशक्त किया गया है.

## नक्सल दंपति का आत्म समर्पण

### दंपति पर 33 लाख का इनाम था घोषित

**सुकमा, 7 दिसंबर (वार्ता) सुकमा जिले के टॉप नक्सली दंपति ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू (एएसआर) जिले में सरेंडर कर दिया है. राज्य पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि दोनों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था. दंपति का नाम दक्षिण सब-जोनल कमेटी सदस्य दिरदो विज्जल उर्फ जयलाल और उसकी पत्नी डीवीसीएम मडवी गंगी उर्फ विमला उर्फ भीमे बताया गया.**

आंध्रप्रदेश राज्य के एलुरु सीथारामराजू जिले की पुलिस के अनुसार, दिरदो विज्जल, जो सुकमा के गगनपल्ली के बोडेगुब्बल गांव का निवासी है, 1994 में बाल संघम से माओवादी संगठन में शामिल हुआ था. लंबे समय तक दरभा डिवीजन में सैन्य प्रभारी और एसडीजेडसीएम पद पर रहते हुए उसने कई बड़ी नक्सल वारदातों में भूमिका निभाई. उसके खिलाफ घात लगाकर हमला, पुलिस कैंप पर हमले, दो मुठभेड़, बैंक डकैती और आईईडी ब्लास्ट जैसी घटनाओं में शामिल होने के आरोप दर्ज हैं. एएसआर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित बरदार और सुकमा के एएसपी (नक्सल ऑप्स) ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों के लिए सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध हैं.